Chapter- 5

संज्ञा

STUDY NOTES

परिभाषा- किसी व्यकित (प्राणी), वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते है।

संज्ञा के भेद

व्यक्तिवाचक जातिवाचक भाववाचक

- **व्यक्तिवाचक संज्ञा-** किसी विशेष व्यक्ति (प्राणी), स्थान या वस्तु के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते है।

  उदाहरण: भारत, गंगा, चारमिनार, सोमवार, महात्मागाँधी आदि।

- **जातिवाचक संज्ञा-** जो संज्ञा शब्द किसी व्यक्ति (प्राणी), वस्तु या स्थान की संपूर्ण जाति का बोध कराते हैं, उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते है।

  उदाहरण: फल, पेड़, आद्मी, देश, नदी आदि

- **भाववाचक संज्ञा-** जो संज्ञा शब्द किसी व्यक्ति (प्राणी), वस्तु या स्थान कसे गुण, दोष या अवस्था तथा मन के भावों का बोध कराते हैं, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

  उदाहरण: बुढ़ापा, खुशी, सुंदरता, भलाई, बुराई आदि।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

आइए, अब लिखें

१. उचित संज्ञा शब्द से रिक्त स्थान भरिए।

(सफलता, अमेरिका, राजधानी, हिंदी, हिम्मत)

क) संकट के समय घबराना नहीं चाहिए, हिम्मत से काम लेना चाहिए।

ख) भारत की राजधानी दिल्ली है।

ग) न्यूयॉर्क अमेरिका का सबसे बड़ा सहर है।

घ) हिन्दी हमारी राजभाषा है।

ङ) परिश्रम करने से सफलता अवश्य मिलती है।

२. संज्ञा शब्दों पर गोला लगाइए।

एक बगीचा था। उसमें एक पेड़ पर मधुमक्खियों का एक छत्ता था। मधुमक्खियों में मीठा-मीठा शहद रखती थी। उस बगीचे में बहुत सी तितलियाँ भी आती थी।

३. नीचे दिए गए वाक्यों में से व्यक्तिवाचक, जातिवाचक और भाववाचक संज्ञा छाँटकर अलग-अलग पत्र-पेटी (Letter Box) में डालिए।

क) करण को माँ के हाथ का खाना बहुत पसंद है।

ख) गरिमा के घर की सजावट बहुत अच्छी है।

ग) चाचा नेहरू बच्चों से प्यार करते थे।

घ) सूरज निकलते ही उजाला हो गया।



४. यदि आप नीचे लिखी स्थितियों में होते, तो आपके मन में कैसे भाव आते? नीचे लिखे वाक्यों को देखकर लिखिए।

क) चोट लगने पर - दर्द

ख) कक्षा में प्रथम आने पर - खुशी

ग) कोई वस्तु खो जाने पर - दुख

घ) अँधेरे कमरे में अकेले होने पर - ड़र

ङ) परीक्षा में कठिन प्रश्न देखकर - घबराहट

५. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन छपे शब्दों में संज्ञा का कौन-सा भेद है ? बताइए-

डॉ. ए.पी.ज. अब्दुल कलाम महान वैज्ञानिक थे।

व्यक्तिवाचक



आजकल नगर में बहुत प्रदूषण है।

जातिवाचक

रानी लक्ष्मीबाई अंग्रजों से वीरता से लड़ीं।

भाववाचक

♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow